हरिभूमि

# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, सोमवार, 14 अप्रैल 2025


तापमान

अधिकतम 35.0 डिग्री
न्यूनतम 19.0 डिग्री


10 राग़ी जत्थों ने गुरबाणी सुना संगत को किया निहाल





10 छात्राओं ने मानसिक स्वास्थ्य को लेकर....




## खबर संक्षेप

### गाड़ी की टक्कर से बाइक सवार घायल

**जींद।** सफीदों रोड न्यू बाइपास पर तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार तीन व्यक्ति घायल हो गए। सिविल लाइन थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव खुंगा निवासी विनय ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह निजी संस्थान से रात को डयूटी कर बाइक से घर जा रहा था।

### कैथल जिले में ड्रोन उड़ाने पर प्रतिबन्ध

**कैथल।** जिलाधीश प्रीति ने बताया कि 14 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का दीनबंधु छोटू राम थर्मल पॉवर प्लांट, यमुनानगर की तीसरी यूनिट के शिलान्यास के लिए कार्यक्रम प्रस्तावित है। इसलिए कैथल के अधिकार क्षेत्र में सुरक्षा की दृष्टि से कानून व्यवस्था एवं शान्ति बनाए रखने के लिए जिले में 14 अप्रैल को ड्रोन उड़ाने पर प्रतिबन्ध है।

### बीस ग्राम हेरोइन के साथ एक गिरफ्तार

**जींद।** सीआईए स्टाफ ने गांव दाता सिंहवाला के निकट एक युवक को काबू कर उसके कब्जे से 20 ग्राम हेरोइन बरामद की है। गढ़ी थाना पुलिस पकड़े गए आरोपित से पूछताछ कर रही है। सीआईए स्टाफ नरवाना को सूचना मिली थी कि गांव दाता सिंहवाला निवासी मनिंदर नशीले पदार्थों का कारोबार करता है। जो गांव हंसडैहर की तरफ नशा स्पलाई करने जाएगा।

### धोखाधड़ी करने का आरोपित गिरफ्तार

**कैथल।** चीका क्षेत्र से चावल खरीदने के नाम पर लाखों रुपये की धोखाधड़ी करने के मामले की जांच सीआईए-1 पुलिस प्रभारी एसआई पारस कुमार की अगुवाई में एएसआई प्रवीन कुमार व एएसआई गुरदान की टीम द्वारा करते आरोपी जवाहर कॉलोनी सरदार नगर अहमदाबाद गुजरात निवासी राजेश लिलवानी को काबू कर लिया गया।

### पंप हाउस से मोटर अन्य सामान चोरी

**जींद।** गांव उझाना से पंप हाउस से बीती रात चोरों ने बिजली मोटर, कॉपर वायर समेत अन्य सामान को चोरी कर लिया। गढ़ी थाना पुलिस ने हैल्पर की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव धमतान साहिब निवासी मनीष ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह सिंचाई विभाग में हैल्पर के पद पर उझाना पंप हाउस पर डयूटीरत है। बीती रात चोरों ने बिजली मोटर, कॉपर वायर व अन्य सामान चोरी कर लिया।

### दरांती से हमला कर पति को किया घायल

**कैथल।** गांव सेरधा में एक महिला ने दरांती से हमला कर पति को घायल कर दिया। महिला ने अपने सास ससुर व देवर के साथ भी हाथपाई की। गांव सेरधा के एक व्यक्ति ने राजौंद पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि उसकी पत्नी उसके चाचा के घर आती जाती रहती है। उसने उसकी पत्नी को वहां जाने से मना किया था। इसे लेकर पत्नी उससे खफा थी।

### संदिग्ध हालात में युवती लापता, शिकायत दर्ज

**जींद।** डूमरखां खुर्द से युवती के संदिग्ध हालात में गायब होने पर सदर थाना नरवाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है। गांव डूमरखां खुर्द निवासी एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात उसकी 21 वर्षीय बेटी घर से गायब हो गई। घर से 12 हजार रुपये तथा दस्तावेज भी अपने साथ ले गई।

### किशोरी को भगा ले जाने के आरोप में 3 नामजद

**कैथल।** थाना गुहला पुलिस एक किशोरी को शादी का झांसा देकर बहला फुसलाकर भगा ले जाने के आरोप में एक महिला सहित तीन व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इस संबंध में चीका थाना के तहत आने वाले गांव के एक व्यक्ति ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है।

## बाजू पर ब्लेड का कट और कपडों पर खून लगा था, हत्या का संदेह

# तीन बहनों के इकलौते भाई का शव सरपंच के खेत में पेड़ पर लटका मिला

### घुटने जमीन पर टिके थे, मृतक के कपड़ों पर लगा था खून

**बीती देर शाम से गायब था युवक, अज्ञात पर हत्या का मामला दर्ज**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

गांव ढाबी टेक सिंह खेतों में पेड़ पर युवक के फांसी के फंदे पर लटका मिलने से हडकंप मच गया। युवक रात से गायब था। मृतक की बाजू पर ब्लेड का कट तथा कपडों पर खून लगा था। परिजनों युवक की मौत पर संदेह जताते हुए हत्या बताया है। गढ़ी थाना पुलिस ने मृतक के पिता के पिता की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांव ढाबी टेकसिंह निवासी गुलशन (23) का शव रविवार को गांव रसीदां रोड पर सरपंच के खेत में नीम के पेड़ से फांसी के फंदे पर लटका देखा गया। फंदा प्लास्टिक की रस्सी का बनाया गया था। मृतक के घुटने जमीन पर टिके हुए थे। मृतक के कपडों पर खून लगा हुआ था। बाजू पर ब्लेड का निशान भी था। ब्लेड भी घटना स्थल पर पड़ा हुआ था। घटना की सूचना पाकर गढ़ी थाना पुलिस फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया और शव को फांसी के फंदे से उतार नागरिक अस्पताल नरवाना पहुंचाया। परिजनों ने गुलशन की मौत पर संदेह जताया। परिजनो ने संदेह जताया कि गुलशन की हत्या कर शव को फांसी के फंदे पर लटकाया गया है। उन्होंने बताया कि उनकी किसी के साथ कोई रंजिश भी नही है। देर शाम को खाना खाकर गुलशन घूमने के लिए निकला था। जो रातभर घर वापस नही लौटा। तलाशने तथा पूछताछ करने पर गुलशन का कोई सुराग नही लगा। घटना का सुबह उस समय पता चला जब किसान अलसुबह सब्जी खेत से लेकर मंडी जा रहे थे। उसकी गाड़ी की लाइट सरपंच के खेत में पेड़ पर फांसी पर लटके युवक पर पड़ी। मृतक तीन बहनों के बीच इकलौता भाई था। गढ़ी थाना पुलिस ने मृतक के पिता समंत सिंह की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



**जींद।** मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाने आए परिजन। *फोटो :हरिभूमि*

**मामले की जांच जारी**

गढ़ी थाना नरवाना प्रभारी विक्रम जोसन ने बताया कि मृतक के पिता की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

**प्रताड़ना से खफा दामाद ने जहर खाकर दी जान**

**जींद।** गांव तारखां ससुराल मे आए व्यक्ति ने ससुरालीजनों से खफा होकर जहरीला पदार्थ निगल आत्महत्या कर ली। उचाना थाना पुलिस ने मृतक के पिता की शिकायत पर मृतक की पत्नी समेत पांच के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव आमणी जिला फतेहबाद निवासी गुरजीत अपनी ससुराल गांव तारखां आया हुआ था। जहां पर उसने ससुरालीजनों के साथ कहासुनी के चलते जहरीला पदार्थ निगल लिया। पहले गुरजीत को उचाना के निजी अस्पताल ले जाया गया। हालात बिगडने पर उसे टोहाना के निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां पर गुरजीत की मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर उचाना थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। मृतक के पिता नानक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके बेटे गुरजीत की शादी मई 2024 को गांव तारखां निवासी रीना के साथ हुई थी। लगभग डेढ़ माह पहले उन्हें एक लड़की भी हुई। लगभग एक सप्ताह पहले रीना अपने मायके आ गई।



**राजौंद।** गांव बीर बांगड़ा में जल रही पराली का दृश्य। *फोटो :हरिभूमि*

## बीर बागड़ा में पराली में लगी आग से लाखों का नुकसान

- आग बुझाने के लिए 6 फायर ब्रिगेड की गाड़ियां पहुंची

हरिभूमि न्यूज ▸▸| राजौंद

आग बुझाने के लिए 6 फायर ब्रिगेड की गाड़ियां पहुंची मौके पर पुलिस ने किया निरीक्षण, रंजिशन के तहत लगाई गई आग। गांव बीर बांगड़ा निवासी संग्राम राणा ने बताया कि उसने पराली के दो बड़े-बड़े ढेर विभिन्न गांव से इकट्ठे किए हुए थे। जिसमें 20 लाख रुपये की पराली थी, उसने बताया की साजिशन के तहत रात 2:30 बजे किसी ने तेल छिड़कर पराली में आग लगाई है। जो की सीसीटीवी कैमरे में नजर आ रहे हैं। उसने बताया कि इसका खुलासा वह पुलिस थाने में करेगा। उसने बताया कि उसे शक है कि किसी ने जानबूझकर आग लगाई है। उसने बताया कि पराली में आग लगने से साथ खड़े खेतों में सैकड़ो एकड़ फसल भी जलकर राख हो सकती थी। लेकिन उसने फायर ब्रिगेड की 6 गाड़िया मौके पर खड़ी कर रखी ताकि आग गेहूं की फसल में न फैल जाएं। उसने बताया कि उन्होंने आग बुझाने की कोशिश नहीं की, क्योंकि आग बुझाने से बहुत बड़ा नुकसान हो सकता था। वह सारी गेहूं की फसल में अगर आज चली जाती तो सैकड़ो एकड़ फसल राख में तब्दील हो जाती। जिससे किसानों का बहुत नुकसान होता। उसने बताया कि यहां छोटे-छोटे किसान हैं जो मात्र एक से आधा एकड़ जमीन पर अपने खाने के लिए गेहूं की फसल लगाई हुई हैं। उसने बताया कि पांच गाड़ियां फायरब्रिगेड की मौके पर पहुंच गई थी 4 बजे सुबह आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन आग बुझाने से खेतों में आग घुस जाती। इसलिए गाड़ियां मौके पर खड़ी रही उसने पुलिस को सूचना दे दी है आग किसने लगाई है इसका खुलासा अभी नहीं किया है।

## ट्रक ड्राइवरों ने एंबुलेंस चालक को मारा तेजधार हथियार, केस

- गंभीरावस्था में सफीदों के नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सफीदों

सफीदों शहर के बीचोबीच स्थित हांसी ब्रांच नहर पुल के पास चार ट्रक चालकों ने एंबूलेंस चालक की जमकर पिटाई की और उस पर तेजधार हथियार से हमला करके गंभ्भीर रूप से घायल कर दिया। एंबूलेंस चालक की पहचान रमेश गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे गंभीरावस्था में सफीदों के नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया। मिली जानकारी के अनुसार एंबुलेंस चालक रमेश एंबुलेंस में गांव छाप्पर से एक गर्भवती महिला को लेकर सफीदों नागरिक अस्पताल में लेकर आ रहा था। वह सफीदों के नहर पूल पर पहुंचा था कि इसी दौरान सामने से ट्रक आ गया और साईड को लेकर मामूली कहासुनी हो गई। इस कहासुनी में ट्रक चालक ने एंबुलेंस चालक पर तेजधार हथियार से हमला बोल दिया। इस हमले में चालक रमेश गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने घायल चालक रमेश को नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां से उसे प्राथमिक उपचार के देकर पीजीआई रेफर कर दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



## पूंडरी में मंडी से बाहर डलवाया जा रहा गेहूं

- अनाज मंडी में इन दिनों अनाज की बंपर आवक हो रही

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पूंडरी

पूंडरी अनाज मंडी में इन दिनों गेहूं की बंपर आवक हो रही है। मंडी में लगभग दो लाख कट्टे गेहूं खुले में ढेरियों के रूप में पड़ा हुआ है। शनिवार को सरकारी खरीद की शुरुआत हुई थी, लेकिन रविवार को अवकाश होने के चलते हैफेड और वेयरहाउस दोनों खरीद एजेंसियों द्वारा खरीद नहीं की गई। अब दोनों एजेंसियां सोमवार से पुनः खरीद शुरू करेंगी। इस बीच मौसम का मिजाज भी बदला हुआ है। पिछले दो दिनों से आसमान में बादल छाए रहने और बारिश की आशंका के चलते किसान दिन-रात खेतों में कटाई में जुटे हैं। क्षेत्र में चारों ओर कम्बाइन मशीनें गेहूं की कटाई कर रही हैं। मंडी में जगह की कमी के कारण आढ़तियों ने मंडी से बाहर भी गेहूं डलवाना शुरू कर दिया है। इस बार पूंडरी मंडी का गेहूं सोलुमाजरा साइलो गोदाम नहीं भेजा जा रहा, जिस कारण सारा दबाव मंडी पर ही आ गया है। इसके अलावा आढ़तियों को मजदूरों की भी भारी किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। गेहूं लेकर आए किसानों नरेश कुमार, दलीप व सूखा सिंह ने बताया कि खराब मौसम के डर से वे जल्दी गेहूं कटवाकर मंडी लाए हैं, लेकिन खरीद एजेंसियों द्वारा गेहूं में नमी बताकर खरीद नहीं की जा रही। आढ़ती अब किसानों से प्रति क्विंटल एक से ढाई किलोग्राम गेहूं की कटौती कर रहे हैं, जिससे किसानों को सीधा नुकसान उठाना पड़ रहा है।

**व्यापक इंतजामः कल्याण**

हैफेड के मैनेजर संदीप कल्याण ने बताया कि गेहूं खरीद के लिए पूरी तैयारियां की गई हैं। शनिवार को लगभग 20 हजार क्विंटल गेहूं की खरीद की गई थी। इसके लिए बारदाना वितरित कर दिया गया है और लोडिंग भी शुरू करवा दी गई है। किसानों व आढ़तियों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी।

**नहीं आने दी जाए दिक्कत**

पहले एजेंसियों ने सप्ताह में तय दिनों पर खरीद का निर्णय लिया था, लेकिन अब अधिकारियों से बातचीत कर दोनों एजेंसियां हर रोज खरीद करेंगी। सीजन में किसानों और आढ़तियों को किसी भी तरह की समस्या नहीं आने दी जाएगी।

*गुलाब सिंह, सचिव मार्केट कमेटी पूंडरी।*

## एसआईटी टीम ने निवेशकों के बयान दर्ज किए

- करीब पंद्रह निवेशकों से हड़पे 86 लाख 36 हजार रुपये

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जुलाना

ुलाना कस्बे में आरडी और एफडी के नाम पर धोखाधड़ी करने के मामले में पुलिस की एसआईटी टीम पहुंची और निवेशकों के बयान दर्ज किए। गत 22 मार्च को पुलिस ने एक एजेंट की शिकायत के आधार पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया था। मामले की जांच के लिए एसआईटी टीम का गठन किया गया था। एसआई पवन कुमार के नेतृत्व में टीम जुलाना पहुंची और आरडी एफडी के नाम पर जिन लोगों ने निवेश किया था उनके बयान दर्ज किए। सोनीपत जिले के छपरा गांव निवासी जसवीर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह ह्यूमैन वेलफेयर क्रेडिट कॉओपरेटिव सोसाईटी लिमिटेड में एजेंट के रूप में काम करता था।

आरोप लगाया कि सोसाइटी ने जनता को वित्तीय योजनाओं के माध्यम से धोखा देने का गंभीर अपराध किया है। सोसाइटी की स्थापना और उद्देश्य ह्यूमन वेलफेयर क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड का गठन बहुराज्य सहकारी समिति अधिनियम के तहत किया गया था। इस सोसाइटी ने 16 सितंबर 2016 से हरियाणा सहित कई राज्यों में कार्य करना शुरू किया। इसके मुख्य कार्य फिक्स्ड डिपॉजिट और आवर्ती जमा जैसी बचत योजनाएं प्रदान करना था। सोसाइटी ने अपनी शुरुआत में खुद को एक भरोसेमंद और सुरक्षित वित्तीय संस्था के रूप में प्रस्तुत किया। सोसाइटी ने निवेशकों को आकर्षित करने और विश्वास दिलाने के लिए बड़े पैमाने पर प्रचार किया। प्रोत्साहन आधारित योजनाएं और निवेशकों का विश्वास सोसाइटी ने नए निवेशकों को जोड़ने के लिए इंसेंटिव आधारित योजना शुरू की। इस योजना के तहतए जो व्यक्ति अधिक निवेशकों को जोड़ेगा। उसे निवेश की राशि के आधार पर अतिरिक्त प्रोत्साहन दिया जाएगा।



**जुलाना।** जुलान में जांच करते हुए एसआईटी टीम। *फोटो :हरिभूमि*

## पुलिस ने दो पशु तस्करों को किया काबू, 19 पशु छुड़वाए

- पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कैथल

पूंडरी के मोहना गांव में शनिवार देर शाम पंजाब से यूपी जा रहे दो पशु तस्करों को पुलिस ने दबोचा है। वे कैंटर में 19 पशुओं को क्रूरतापूर्वक लादकर पंजाब से यूपी ले जा रहे थे। पशुओं को ठूंस-ठूंसकर भरा था। पुलिस ने कब्जे से सभी पशुओं को मुक्त करवाया। दोनों के खिलाफ पूंडरी थाना में केस दर्ज कर उनको गिरफ्तार कर लिया है। पूंडरी थाना में दी शिकायत में पूंडरी पुलिस चौकी में तैनात हेड कॉन्स्टेबल दीपक कुमार ने बताया कि 12 अप्रैल को पुलिस की टीम मोहना में मौजूद थी। वहां पुलिस को सूचना मिली कि कैथल की तरफ से कैंटर में पशुओं को ठूंस-ठूंसकर करनाल रोड से ले जाया जा रहा है। सूचना मिलने पर पुलिस ने गांव मोहना से आगे मंदिर के पास नाकाबंदी की। 10 मिनट के बाद कैथल की ओर से आ रहे एक कैंटर को रुकवाया। पूछने पर कैंटर ड्राइवर ने नाम कुर्बान बताया, जो गुज्जरपुर माजरा टपराना जिला शामली उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। उसके बाद साथ में बैठे व्यक्ति की पहचान मोहल्ला शाह मुबारिक शामली उत्तर प्रदेश निवासी जाबीर कुरैशी के रूप में हुई। जांच करने पर कैंटर में 11 भैंस, सात कटड़े और एक झोटा बेरहमी से ठूंस-ठूंसकर भरे पाए गए। इनको पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया और कैंटर से उतारकर मुक्त करवाया। पूंडरी थाना प्रभारी महीपाल ने बताया कि पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर हिसार और यमुनानगर में जाएंगी

# 25% बसें जाएंगी मोदी के कार्यक्रम में, बढ़ेगी दिक्कत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कैथल

यात्रीगण कृपया ध्यान दें...सोमवार को कई रूटों पर रोडवेज की बसें प्रभावित रहेंगी। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हिसार व यमुनानगर में आयोजित होने वाले उद्घाटन कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। ऐसे में हिसार व यमुनानगर में होने वाले प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर बसों को इन स्थानों पर भेजा जाएगा।

इस कारण ही सोमवार को पूरा दिन कई रूटों पर बसों की संख्या कम की जाएगी। बता दें कि इस समय कैथल के रोडवेज बेड़े में किलोमीटर व प्राइवेट बस मिलाकर करीब 184 बस आन रोड हैं। ऐसे में सोमवार को इनमें से करीब 25 % से भी अधिक पीएम की रैली में जाने की उम्मीद है। ऐसे में विभिन्न रूटों को जाने वाले यात्रियों को परेशानका सामना करना पड़ेगा। इसमें आरटीए विभाग की ओर से निजी बसों की भी व्यवस्था की जाएगी। हालांकि रोडवेज के अधिकारियों का दावा है कि किसी भी रूट पर यात्रियों को परेशानी नहीं होने दी जाएगी।



**व्यापक प्रबंध किए**

यातायात प्रबंधक वीरेंद्र स्वामी ने बताया कि सोमवार को किसी भी रूट पर बसों की कमी न हो इसे लेकर व्यापक प्रबंध किए गए हैं। इस दिन जरूरत के हिसाब से विभिन्न रूटों पर बसों का संचालन किया जाएगा ताकि किसी भी प्रकार से यात्रियों को परेशानी न हो। इसके लिए व्यवस्था बना ली गई है।

**इन रूट प्रभावित होंगे**

बसों की कमी के चलते सोमवार को चीका, असंध, करनाल, जींद, भिवानी, हिसार, कुरुक्षेत्र, पटियाला, खनौरी, राजौंद, कलायत और अन्य कई ग्रामीण रूटों पर बसों की संख्या को कम किया जाएगा। ऐसे में इन रूटों पर यात्रियों को काफी परेशानी झेलनी पड़ सकती है। वहीं, रोडवेज के अलावा परिवहन समिति की करीब 40 बसें भी यमुनानगर भेजी जाएंगी। ऐसे में स्थानीय रूटों पर निजी बसों की संख्या कम होगी।

## खेत में फैंके क्षत-विक्षत शव की शिनाख्त नही

- सरपंच की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

उचाना में खेतों में शनिवार को बाग की नाली में मिले क्षत-विक्षत शव की 24 घंटे बाद भी पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने उचाना खुर्द गांव के सरपंच सतबीर की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ हत्या सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। मृतक के चेहरे को भी किसी भारी चीज से वार कर के विकृत किया गया है ताकि उसकी पहचान न हो सके। शनिवार सुबह गांव उचाना कलां तथा उचाना खुर्द के बीच रोड के साइड में बाग की नाली में एक लगभग 40 वर्षीय व्यक्ति का शव पडा देखा गया। मृतक ने सफेद रंग की बनियान तथा स्लेटी रंग की पेंट पहनी हुई थी। एक पांव में जूता था। मृतक के सिर तथा गर्दन से ऊपर तेजधार हथियार से कई वार किए गए थे। चेहरे पर वार कर इसे विकृत किया गया था। घटना की सूचना पाकर उचाना थाना पुलिस फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंची और हालातों का जायजा ले साक्ष्यों को जुटाया। शव को नरवाना के सिविल अस्पताल में रखवाया गया है।

## खबर संक्षेप

### मकान से एक लाख 60 हजार की नगदी चोरी

**जींद।** गांव रजाना कलां में बीती रात चोरों ने मकान में घुस कर एक लाख 60 हजार रुपये की नगदी को चोरी कर लिया। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मंदीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि रात को वह दूसरे कमरे में सोया हुआ था। रात को चोर घर में घुस आए और अलमारी में रखी 1.60 लाख रुपये की नकदी को चोरी कर लिया।

### नकदी-जेवर के साथ नवविवाहिता लापता

**जींद।** गांव मोहम्मद खेड़ा से सोने, चांदी के जेवरात, पचास हजार रुपये की नगदी के साथ नवविवाहिता के गायब होने पर पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव मोहम्मदखेड़ा निवासी एक युवक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी शादी लगभग 25 दिन पहले हांसी निवासी युवती से हुई थी। बीती रात वे खाना खा कर सो गए।

### धन्ना भगत जयंती का बीस को मनाई जाएगी

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान राजा ने बताया संत महापुरुष सम्मान एवं विचार प्रसार योजना के तहत 20 अप्रैल को उचाना खंड के गांव पालवा में राज्य स्तरीय धन्ना भगत जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई जाएगी। इस कार्यक्रम में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्यअतिथि शिरकत करेंगे। राज्य स्तरीय धन्ना भगत की जयंती को लेकर प्रशासन द्वारा सभी तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

### ऑनलाइ अध्यापक 17 को करेंगे विरोध प्रदर्शन

**जींद।** राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला प्रधान जितेंद्र बैनीवाल ने बताया कि शिक्षा विभाग के विभिन्न तुगलकी फरमानों के विरोध में 17 अप्रैल को जिलास्तर पर प्रदर्शन करके मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार और निदेशक शिक्षा विभाग के नाम जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी के माध्यम से ज्ञापन सौंपा जाएगा।

### एआई के लिए वर्कशॉप का आयोजन किया

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विवि की ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल ने कंप्यूटर साइंस एवं एप्लीकेशन विभाग के साथ मिल कर माइक्रोसॉफ्ट यूजर की टीम से आए हुए सीनियर कंसल्टेंट्स के द्वारा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं कोपायलट के लिए वर्कशॉप का आयोजन किया। वर्कशॉप में साकेत कुमार, राजेश पांचाल एवं हपेंद्र माइक्रोसॉफ्ट सीनियर कंसल्टेंट्स ने अपनी टीम के साथ छात्रों का मार्गदर्शन किया।

### सैनी सभा धर्मार्थ समिति के सदस्यों की बैठक हुई

**नरवाना।** सैनी सभा धर्मार्थ समिति नरवाना के सदस्यों की एक महत्वपूर्ण बैठक समिति के भवन में हुई। जिसकी अध्यक्षता समिति के प्रधान कर्मवीर सैनी ने की। बैठक में आगामी 3 मई को होने वाले सैनी सभा धर्मार्थ समिति नरवाना समारोह की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। पूर्व प्रधान धर्मवीर सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी शामिल होंगे।

### पॉलसी सभी खिलाड़ियों के लिए एक समान हो

**जींद।** पत्रकारों से बातचीत में सांसद कुमारी शैलजा ने कहा कि विनेश ने देश का नाम रोशन किया है और जुलाना विधायक भी है लेकिन स्पोर्ट्स पॉलसी सभी खिलाड़ियों के लिए एक समान होनी चाहिए। हरियाणा में और भी बहुत सारे खिलाड़ी ऐसे हैं, जो आगे बढ़ सकते हैं। सभी के लिए पॉलसी को दुरुस्त करनी पड़ेगी। जो जमीन से जुड़े खिलाड़ी हैं, उनके सम्मान के लिए सरकार को पॉलसी लानी चाहिए।

### मरीजों को अन्न वितरित किया

**नरवाना।** जय शिव शंकर भोलेनाथ बाबा बर्फानी, भूखे को अन्न प्यासे को पानी नामक फ्री भोजनालय के तहत अस्पताल में मरीजों को भोजन वितरण की सेवा लगाते विकास समिति के सक्रिय सदस्य विजय ने बताया कि दाखिल मरीजों के लिए ताजा पोष्टिक भोजन दलिया वितरिक किया।

## शहर के सभी गुरुद्वारों में बैसाखी पर्व श्रद्धा और धूमधाम से मनाया

# रागी जत्थों ने गुरबाणी सुना संगत को किया निहाल

### सभी गुरुद्वारों में धार्मिक दीवान सजाए गए व गुरु का अटूट लंगर संगत में बरताया

### खालसा यानि कि पवित्र विचारों से परिपूर्ण, गरीबों का भला करने वाला : बलविंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

शहर के सभी गुरुद्वारों में रविवार को बैसाखी पर्व श्रद्धा एवं धूमधाम से मनाया गया। गुरुघर के प्रवक्ता बलविंदर सिंह के अनुसार इस अवसर पर शहर के सभी गुरुद्वारों में रखे गए श्री गुरू ग्रंथ साहिब जी के अखंड पाठ का भोग डाला गया। इसके उपरांत सभी गुरुद्वारों में धार्मिक दीवान सजाए गए तथा गुरु का अटूट लंगर संगतों में बरताया गया। गुरु घर के प्रवक्ता बलविंदर सिंह ने बताया कि शहर के ऐतिहासिक गुरुद्वारा गुरु तेग बहादुर साहिब में भाई जसबीर सिंह रमदसिया व गुरूद्वारा सिंह सभा में भाई संतोख सिंह के रागी जत्थे ने गुरबाणी कीर्तन गायन किया और अपने अपने प्रवचनों में गुरु गोबिंद सिंह की जीवनी से संगतों को रूबरू करवाया। गुरूघर प्रवक्ता बलविंदर सिंह ने कहा कि यह पर्व न केवल फसलों के पकने का संकेत देता है बल्कि यह सिख धर्म के नववर्ष का भी प्रतीक है। इसी दिन 1699 में सिखों के दसवें गुरु गुरु गोबिंद सिंह जी ने खालसा पंथ की स्थापना की थी। उन्होंने आनंदपुर साहिब में एक सभा आयोजित की और सिखों को एक नई पहचान दी। उन्होंने सिखों को पंज ककार (केश, कंघा, कछहरा, कड़ा और कृपाणद्ध धारण करने के लिए कहा था। इस आह्वान पर पांच सिखों ने अपनी सहमति दी। इन पांच सिखों को पंज प्यारे के नाम से जाना जाता है। गुरु गोबिंद सिंह जी ने इन पांच सिखों को अमृत छकाया और उन्हें खालसा पंथ में दीक्षित किया। खालसा पंथ की स्थापना का उद्देश्य अन्याय के खिलाफ लडन्ना और धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा करना था। खालसा यानि कि पवित्र विचारों से परिपूर्ण, गरीबों का भला करने वाला, ऊंच-नीच का विरोध करने वाला, दूसरों की रक्षा करने वाला, भलाई का कार्य करने वाला व गुरु के सिद्धांतों का पालन करने वाला ही गुरु का असली खालसा कहलाता है। इसलिए भी वैसाखी पर्व :गुरु घर के प्रवक्ता बलविंदर सिंह ने बताया कि मुगल शासक महमूद गजनवी ने 16 बार हिंदुस्तान पर आक्रमण किया था और जब गजनवी ने 17वीं बार हिंदुस्तान में सोमनाथ मंदिर पर हमला किया तो इतिहास बताता है कि मंदिर में उस समय एक हजार श्रद्धालु उपस्थित थे। जबकि मुगलों की सेना में सिर्फ 500 सैनिक थे। दूसरी तरफ जब भाई जैता जी गुरु तेग बहादुर साहिब का दिल्ली चांदनी चौक से शीश लेकर कीरतपुर साहिब गुरु गोबिंद सिंह के पास पहुंचा तो गुरु जी ने एक ही सवाल पूछा कि पिता गुरु तेग बहादुर के बलिदान के वक्त कितने सिख मौजूद थे। भाई जैता ने बताया कि भीड़ तो बहुत ज्यादा थी लेकिन सिखों की कोई पहचान न होने के कारण बताना मुश्किल था। इतिहास बताता है कि इन दोनों तथ्यों का गुरु गोबिंद सिंह के मन पर इतना प्रभाव पड़ा कि उन्होंने ठान लिया कि जोर, जुल्म व अत्याचार से मुकाबला करने के लिए एक अलग पहचान बनाने के लिए गुरु गोबिंद सिंह ने बैसाखी के अवसर पर पंज प्यारों को बाटे में तैयार अमृत छका कर सिख कौम को पंज ककार के रूप में एक अलग पहचान का चिन्ह देते हुए खालसा पंथ की स्थापना की।


गुरूद्वारा सिंह सभा में भाई संतोख सिंह शब्द कीर्तन करते हुए। फोटो :हरिभूमि


जींद। गुरबाणी का श्रवण करते हुए श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि


जींद। ऐतिहासिक गुरुद्वारा गुरु तेग बहादुर साहिब में भाई जसबीर सिंह रमदसिया का रागी जत्था गुरुबाणी गायन करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

अवसर पर गुरुद्वारा मैनेजर गुरविंदर सिंह चौगामा, हरियाणा गुरुद्वारा कमेटी के एग्जीक्यूटिव मेंबर बीबी परमिंदर कौर, सिंह सभा गुरुद्वारा रेलवे जंक्शन के प्रधान जसबीर सिंह टीटी, कमलजीत कौर ग्रेवाल, चरणजीत सिंह चन्ना, अशोक छिब्बर, रमनदीप सिंह, नारायण सिंह, आज्ञापाल सिंह, जत्थेदार गुरजिंदर सिंह, मालिक सिंह चीमा, गगन गेरा व जोगिंदर सिंह पाहवा उपस्थित रहे।

## बैसाखी खुशहाली- समृद्धि का पर्व : रंधावा

हरिभूमि न्यूज. जींद

बैसाखी के पर्व पर शाइनिंग स्टार प्ले स्कूल में यज्ञ किया गया। इस समारोह में जिला परिषद के प्रधान प्रतिनिधि कुलदीप रंधावा व अग्रवाल समाज के अध्यक्ष एवं समाजसेवी डा. राजकुमार गोयल ने मुख्यअतिथि के तौर पर शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के चेयरमैन मनजीत सिंह, प्राचार्या पूनम देवी द्वारा की । अतिथि के तौर पर महात्मा गांधी शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष राजकुमार भोला व साड़ी एसोसिएशन जींद के प्रधान सावर गर्ग उपस्थित रहे। मुख्यअतिथि कुलदीप रंधावा व राजकुमार गोयल ने कहा कि हमारा देश विविधताओं से भरा हुआ है। यहां विभिन्न धर्मों और जातियों के लोग रहते हैं। यहां तरह-तरह के पर्व और त्यौहार मनाए जाते हैं। इन्ही में एक पर्व बैसाखी का पर्व है जो खुशहाली और समृद्धि का त्यौहार माना जाता है। यह त्यौहार नई फसल कटने के पर्व के रूप में भी मनाया जाता है। इस दिन किसान नई फसल की पूजा करते है। सिख समुदाय के लोग इस दिन गुरु गोविंद सिंह जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते है। राजकुमार भोला व सावर गर्ग ने कहा कि हिन्दू धर्म के लोग इस त्यौहार को नववर्ष के रूप में भी मनाते हैं।


जींद। यज्ञ में आहूति डालते हुए। फोटो :हरिभूमि




सफीदों। घोड़ों पर करतब दिखाते सिख घुड़सवार। फोटो :हरिभूमि





## जत्थों ने श्रद्धालुओं को कीर्तन से निहाल किया

- बाग समाधा गुरूद्वारा साहिब में बैसाखी का पर्व हर्षोउल्लास के साथ मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों

नगर के ऐतिहासिक बाग समाधा गुरूद्वारा साहिब में रविवार को बैसाखी का पर्व हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में सजे दीवान के समक्ष साध-संगत ने माथा टेका और शब्द-कीर्तन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जत्थेदार हरवैल सिंह ने की। एक मौके पर रागी व टाढ़ी जत्थों ने श्रद्धालुओं को कीर्तन से निहाल किया। वहीं श्रद्धालुओं ने गुरू के अटूट लंगर में प्रसाद ग्रहण किया। अपने संबोधन में जत्थेदार हरवैल सिंह ने कहा कि 1699 में सिखों के दसवें गुरु गोबिंद सिंह जी ने खालसा पंथ की स्थापना की थी और 5 प्यारों को अमृत छकाया। उन्होंने सभी सिखों को कंघा, कछहरा, केश, कड़ा और कृपाण धारण करने को कहा था, जिन्हें पंज ककार के नाम से पहचाना जाता है। इस पर पांच सिखों ने सहमति जताई थी और इन्हें ही पंज प्यारे के नाम से पहचाना जाता है। उन्होंने बताया कि सफीदों इलाके की साध संगत के सहयोग से हर वर्ष बैसाखी का पर्व इसी ऐतिहासिक स्थान पर धूमधाम से मनाया जाता है। क्षेत्र के काफी किसान यहां पर बैसाखी मनाकर अपने खेतों में खुशी-खुशी गेहूं की फसल की कटाई करते हैं। इस अवसर पर नगर के महाराजा जन्मेजय खेल स्टेडियम में घुड़सवारों के द्वारा करतब दिखाए। जिसका लोगों ने जमकर लुत्फ उठाया।

### क्या ऐतिहासिक महत्व

सफीदों का बाग समाधा शेरे-ए-पंजाब महाराजा रणजीत सिंह के नाना महाराजा गजपत सिंह के नाम से जाना जाता है। महाराजा गजपत सिंह जींद रियासत के राजा थे और उनकी यहां पर समाधी है। गुरूद्वारा बाग समाधा श्रद्धालुओं की आस्था और विश्वास का केंद्र है। यहां पर मौजूद समाध व गुरूद्वारे में सिख और गैर सिख हर कोई आकर शीश नवाता है। महाराजा गजपत सिंह बहादुर योद्धा, समाजसेवी, गुरूओं को मानने वाले प्रजापालक थे।


जींद। श्रीराम भक्त हनुमान का गुणमान करते श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

### हनुमान जी का गुणगान किया

**जींद।** भारत के तन, मन, प्राणों में बसे हैं महावीर हनुमान। भक्ति, शक्ति, समर्पण, सेवा व त्याग की मूर्ति हैं बजरंग बली हनुमान। आज की विकट परिस्थितियों में जब मानव अपने दायित्व के प्रति विमुख हो रहा है, हनुमान जी का चरित्र सर्वाधिक प्रासांगिक व अनुकरणीय है। यह बात आचार्य पवन शर्मा ने माता वैष्णवी धाम में भगवान हनुमान जी के जन्मोत्सव पर देर सायं उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते प्रवचन में व्यक्त किए। बाबा के भक्तों ने सुंदर कांड का सामूहिक पाठ किया व मधुर भजनों के द्वारा हनुमान का गुणगान किया। समाजसेवी सोमवीर पहलवान व पूर्व नप चेयरपर्सन सुदेश देवी ने सपरिवार महावीर हनुमान जी की पूजा.अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

## छात्राओं ने मानसिक स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता रैली निकाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हिंदू कन्या कालेज की मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण समिति ने खोखरी गांव में मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर एक जागरूकता रैली का आयोजन किया। शुरुआत प्राचार्या डा. पूनम मोर ने हरी झंडी दिखा कर की छात्राओं का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि समाज में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता एक अत्यंत प्रासंगिक विषय है और यह व्यक्तिगत और शैक्षणिक चुनौतियों का सामना करने में बहुत महत्वपूर्ण है। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीणों को मानसिक स्वास्थ्य, अवसाद के लक्षण, मनोविज्ञान आदि विषयों पर शिक्षित करना था। छात्राओं ने अपने नारों के माध्यम से खोखरी गांव के ग्रामीणों में यह संदेश दिया कि मानसिक कल्याण उनके समग्र विकास और सफलता के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। आज की तेजरफ्तार वाली दुनिया में जहां तनाव और चिंता सामान्य हैं, मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने वाले माहौल का निर्माण करना अति आवश्यक है। यह रैली मानसिक स्वास्थ्य मुद्दों पर खुली चर्चा का एक मंच प्रदान करती है।



जींद। मानसिक स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता रैली निकालते हुए छात्राएं।


नरवाना। शिविर में जांच करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### नि:शुल्क जांच शिविर लगाया

**नरवाना।** श्री सीधी विनायक सेवा समिति द्वारा रविवार को कैनाल रोड स्थित जयराम अस्पताल में हार्ट व किडनी रोग जांच शिविर का आयोजन किया। समिति सदस्यों ने मां सरस्वती के प्रतिमा के आगे दीप प्रज्वलन करके निशुल्क जांच शिविर का शुभारंभ किया। संयोजन विनोद मंगला ने बताया कि जांच शिविर में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ सुधीर मोर एवं किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ गीता मोर ने शिविर में जांच के लिए पहुंचे मरीजों का स्वास्थ्य जांचा। यह निशुल्क जांच शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक चला। जिसमें 195 मरीजों ने पहुंचकर अपने हृदय व किडनी संबंधित रोगों की निशुल्क जांच करवाई। मंगला ने बताया कि शिविर में डॉ सुधीर मोर द्वारा 132 हृदय रोग संबंधित मरीजों की जांच की ओर डॉ गीता मोर ने 63 किडनी संबंधित मरीजों की जांच की।

**तैयारी** बाल विवाह रोकने की कवायद

# 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया पर होने वाली शादियों पर रहेगी विशेष नजर

### जिलाभर में विवाह समारोहों की धूम रहेगी और युवा भी खूब विवाह बंधन में बंधेंगे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला में किसी भी सूरत में बाल विवाह न होने पाए, इसके लिए तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। हालांकि पिछले तीन-चार वर्षों की बात की जाए तो लगातार बाल विवाह के मामलों में कमी आई है। बावजूद इसके जिला महिला संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी कार्यालय टीम किसी भी स्तर पर कोर-कसर छोडन्ना नही चाह रही है। इस बार 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया (अखा तीज) है और जिलाभर में विवाह समारोहों की धूम रहेगी और युवा भी खूब विवाह बंधन में बंधेंगे। ऐसे में अक्षय तृतीया पर होने वाले सामूहिक विवाह की आड़ में कुछ बाल विवाह भी हो सकते हैं। जिसके चलते जिला महिला संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी कार्यालय टीम की विशेष नजर रहेगी। इसमें लड़के की आयु 21 वर्ष से कम तथा लड़की की आयु 18 वर्ष की आयु से कम पाई जाती है तो कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इसके साथ-साथ अब बाल विवाह के केस में पोक्सो एक्ट का केस दर्ज करवाने का प्रावधान भी कर दिया गया है।


जींद। बाल विवाह रोकने के लिए गुरूद्वारे में पत्र देते टीम सदस्य। फोटो :हरिभूमि

### विशेष टीमें गठित : रवि लोहान

जिला महिला संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी सुनीता के दिशा-निर्देशन में बाल विवाह रोकने के लिए विशेष टीमें गठित की गई हैं। हालांकि जिले में बाल विवाह पिछले वर्षों के मुकाबले घट रहे हैं जोकि लोगों की जागरूकता के कारण ही संभव हुआ है। शनिवार व रविवार को टीम ने शहर के मंदिर, मस्जिद, गुरूद्वारों व चर्च में जाकर सभी को बाल विवाह को लेकर आगाह किया गया है और सभी को कानून की जानकारी दी गई। टीम ने सभी से निवेदन किया है कि वह अपने अपने कार्यों के साथ-साथ विवाह में लड़का-लड़की के जन्म से संबंधित कागजात मंगवा कर देखें ताकि पता लग सके कि दोनों बालिग हैं या नहीं। बाल विवाह से संबंधित सूचना तुरंत महिला हैल्पलाइन नंबर 181, 112 नंबर या 8814011559 पर दें।


नरवाना। कार्यक्रम में सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### सुन्दरकाण्ड पाठ किया

**नरवाना।** अग्रवाल वैश्य समाज संस्था के अध्यक्ष अर्जुन गोयल ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव संस्था द्वारा मिलजुलकर व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया । शुभारम्भ रोशनलाल मित्तल प्रमुख समाजसेवी द्वारा विधि.विधान से पूजन करके किया गया। पंडित मेहरचंद पुजारी ने बड़े ही भव्य रूप से कार्यक्रम को किया और ग्रंथों के अनुसार बताया कि एक बार भूख से हताश मारूति ने भोजन की लालसा में फल समझकर भगवान सूर्य को निगल लिया थाए जब इन्द्र देव ने उन्हें भगवान सूर्य को मुख से निकालने के लिए कहा तो उन्होंने मना कर दिया। जिसके चलते देवराज इन्द्र क्रोध में आ गए और हनुमान पर वज्र पर प्रहार कर दिया। जिससे उनकी ठोड़ी पर चोट लगने के कारण उनका नाम हनुमान से सम्बोधित किया। प्रैस प्रवक्ता दीपक सिंगला ने बताया कि सुन्दरकाण्ड के पाठ के बाद भक्तों ने सुंदर.सुंदर झांकियों का आनंद लिया।

## खबर संक्षेप

### यातायात नियमों का पालन करें : डीसी

**कैथल।** डीसी प्रीति ने सभी जिला वासियों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें, ताकि सड़क पर कोई भी दुर्घटना नहीं हो। इसके साथ ही सड़क सुरक्षा समिति से संबंधित अधिकारी सड़क सुरक्षा नियमों की पालना करवाने के साथ-साथ मुख्य सुविधाएं प्रदान करना भी सुनिश्चित करें।

### आरकेएसडी स्कूल का स्थापना दिवस मनाया

**कैथल ।** आरकेएसडी पब्लिक स्कूल में आज 32वे स्थापना दिवस के उपलक्ष में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरम्भ हवन के साथ किया गया। तत्पश्चात मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन किया गया। कार्यक्रम में छात्रों ने रंगारंग प्रस्तुति भी दी। आरकेएसडी स्कूल की स्थापना सन 1994 में हुई।

### सनातन धर्म महावीर दल का चुनाव संपन्न

**गुहला-चीका।** चीका शहर की बहुचर्चित एवं सुप्रसिद्ध समाजसेवी संस्था श्री सनातन धर्म महावीर दल चीका का चुनाव सम्पन्न हो गया। हालांकि संस्था के कुछ सदस्य चुनाव में सर्वसम्मति के प्रयास भी करते देखे गए परंतु सहमति नहीं बनी और बैठक की अध्यक्षता कर रहे प्रमुख समाजसेवी छज्जू राम गर्ग ने चुनाव करवाने की घोषणा कर दी।

### जलियांवाला बाग की घटना पर व्याख्यान

**कैथल।** आरकेएसडी कॉलेज के अध्यापक कक्ष में रविवार को साहित्य सभा की ओर से अप्रैल मास की काव्य-गोष्ठी व जलियांवाला बाग की घटना पर व्याख्यान आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में कहानीकार राम सिंह आर्य ने विशिष्ट अतिथि के रूप में भाग लिया। जबकि संचालन हरियाणवी-हिंदी साहित्यकार रिसाल ने किया।

### शिविर में 180 ने किया रक्तदान

**जींद।** जेसीआई जींद क्लासिक द्वारा रविवार को सेवा सदन में 13वां मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्यअतिथि के तौर पर हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा, नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला, समाजसेवी राधेश्याम चिल्लाना, डेयरी एसोसिएशन प्रधान रमेश ढिल्लो, समाजसेवी सुरेंद्र सिंह टक्कर, राजू लखीना रहे।

### मनाया पवित्र पावन बैसाखी पर्वः राजेंद्र

**नरवाना।** नरवाना के प्रमुख गुरुद्वारा गांधी नगर ढाणी में आज बैसाखी पावन पर्व विशाल लंगर लगाकर एवं महापुरुषों का गुणगान करके बड़े जोर.शोर से मनाया गया। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान किशन सिंह घूमनए सरदार छोटा सिंहए जोगिंदर सिंह सचिवए करनजीत कौरए गोल्डी महाजन ने बताया इस कार्यक्रम पर प्रकाश डालने के लिए मुख्य वक्ता के रूप में हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के महासचिव राजेंद्र गुप्ता अमरगढ़वाला मौजूद रहे।

---

प्राचीन श्री कपिल मुनि धाम का निराला स्वरूप दिखेगा

# मूर्तियों की नगर परिक्रमा के साथ कलश यात्रा निकाली

मंदिर में अब भगवान विष्णु बद्री, मां लक्ष्मी, गणपति, कुबेर, गरूड़, नर-नारायण और ऋषि नारद मुनि विराजमान रहेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत



**कलायत।** विभिन्न देवी-देवताओं की मूर्तियों की शोभा यात्रा निकालते श्रद्धालु व शोभा यात्रा में शामिल श्रद्धालु।

कलायत में 14 अप्रैल को प्राचीन श्री कपिल मुनि धाम का निराला स्वरूप दिखेगा। मंदिर में अब भगवान विष्णु बद्री, मां लक्ष्मी, गणपति, कुबेर, गरूड़, नर-नारायण और ऋषि नारद मुनि विराजमान रहेंगे। इसको लेकर रविवार को मूर्तियों की नगर परिक्रमा के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। सोमवार को परंपरा अनुसार मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा होगी। इस उपलक्ष्य में हवन यज्ञ व भंडारा का आयोजन भी होगा। मंदिर पुजारी संजय शास्त्री और अनिरूद्ध गौतम ने कहा कि ऋषि कपिल मुनि को भगवान विष्णु का अवतार माना जाता है। इसलिए उनकी गणना भगवान के रूप में होती है। वर्ष 1970 में तत्कालीन केंद्रीय रेल मंत्री एवं दो बार देश के कार्यवाहक प्रधानमंत्री रहे गुलजारी लाल नंदा ने श्री कपिल मुनि मंदिर पूजा स्थल को विकसित करने की आधारशीला रखी थी। उस वक्त वे कुरुक्षेत्र विकास मंडल अध्यक्ष थी थे। शुरू से ही कपिल मुनि मंदिर को पर्यटन के रूप में विकसित करने की मांग उठती आई है। इसको लेकर मौजूदा भाजपा सरकार द्वारा तीर्थ के विकास को लेकर करोड़ों रुपए का प्रारूप तैयार करने का कार्य शुरू किया गया है। भगवान कपिल मुनि ने सरस्वती नदी के तट पर अपनी माता देवहुति को सांख्य दर्शन का ज्ञान करवाया था। इसके साक्ष्य बार-बार सरोवर में फूटती आ रही सरस्वती जलधारा से मिलते आए हैं। इसका बड़ा प्रमाण वर्ष 2005 में सरोवर के श्मशान भूमि के साथ सटे हिस्से से तेज बहाव से जल धारा बहने पर मिला था। तेज गड़हाहट के साथ पानी के बहाव की सूचना तुरंत संबंधित विभिन्न विभागों के अधिकारियों को मंदिर के तत्कालीन पुजारी स्वर्गीय वेदप्रकाश गौतम ने दी थी। इस पर भारतीय पुरातत्व विभाग, कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड और अलग-अलग क्षेत्रों से जुड़े वैज्ञानिकों का तांता यहां लगा था। वे धरा से निकल रही इस जलधारा को वैज्ञानिक सरस्वती नदी का प्रवाह बताते आएं है। सरस्वती नदी उत्कृष्ट शोध केंद्र के निदेशक प्रोफेसर ए.आर चौधरी ने बताया कि कलायत क्षेत्र लाखों वर्ष पुरानी संस्कृति का गवाह है। जिस प्राचीन संस्कृति के पहलु यहां सामने आए वे उसे विश्व की सबसे प्राचीनतम सभ्यता साबित कर रहे हैं। प्राचीन श्री कपिल मुनि सरोवर में फूटी सरस्वती की जलधारा और संबंधित तमाम पहलु इसका प्रमाण हैं। पद्म विभूषण दर्शन लाल जैन ने सरस्वती की तलाश करते हुए इसको विकसित करने का बीड़ा उठाया था। इस लक्ष्य को लेकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कलायत में प्राचीनतम सभ्यता की गवाह बनी सरस्वती नदी के प्रति गंभीरता का परिचय देते हुए टीमों को गतिशील किया है। सीएम के राजनैतिक सलाहकार भारत भूषण भारती इसकी समीक्षा कर रहे हैं। सरस्वती नदी उत्कृष्ट शोध केंद्र पूरे भारत देश में इस नदी पर शोध का जिम्मेवारी संभाले है। कुरुक्षेत्र इसका मुख्यालय है।

---

बाबा साहेब की जयंती उपलक्ष्य में चलाया अभियान

## रैदास तख्त परिसर से सफाई अभियान की शुरूआत की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत



संविधान निर्माता भारत रत्न डा.भीम राव अंबेडकर जयंती उपलक्ष्य में नगर पालिका द्वारा श्री रैदास तख्त परिसर से सफाई अभियान की शुरूआत की गई। इसकी रहनुमाई वार्ड 1 पार्षद रेणू धानियां द्वारा की गई। इस दौरान नगर पालिका प्रधान प्रतिनिधि, पार्षदों, अधिकारियों, सफाई कर्मचारी व गणमान्य लोगों का पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। इस खास तरह के अभिनंदन से हर कोई उत्साहित दिखा। उपरांत निर्धारित रूप रेखा अनुसार शहर के विभिन्न हिस्सों में सफाई कर्मचारियों ने सफाई कार्य किया। रेणू धानियां ने कहा कि डा.भीम राव अंबेडकर का जीवन हर किसी को चुनौतियों को शिकस्त देते सफलता के मुकाम को हासिल करने का संदेश देता है। उनके जन्म दिवस अवसर पर सफाई व जागरूकता पर आधारित कार्यक्रमों को गतिमान करना बाबा साहब की विचारधारा को मजबूती देने का बड़ा कदम है। पार्षद ने कहा कि जिस प्रकार केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा बाबा साहब की सोच के प्रचार-प्रसार के लिए विभिन्न कार्यक्रम-अभियान गतिमान किए जा रहे हैं वह सही मायने में विभूतियों को सच्चा सम्मान है। उन्होंने कहा कि 14 अप्रैल को डा.भीम राव अंबेडकर जयंती अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सीएम नायब सिंह सैनी की मौजूदगी में जो सौगातें हरियाणा प्रदेश को दी जाएंगी।

### फ्री बनवाएं आधार कार्ड और अपडेशनः एडीसी

**कैथल।** एडीसी दीपक बाबूलाल करवा ने बताया कि नागरिक संसाधन सूचना विभाग (क्रीड) के कर्मचारी परिवार पहचान पत्र के साथ-साथ आधार कार्ड भी बनाते हैं। यह सुविधा नगर पालिका कैथल, बीडीपीओ कार्यालय कैथल, बीडीपीओ कार्यालय चीका, बीडीपीओ कार्यालय सीवन, नगर पालिका कलायत, नगर पालिका राजौंद, बीडीपीओ कार्यालय व नगर पालिका पूंडरी तथा तहसील कार्यालय ढांड में उपलब्ध है। यहां पर कोई भी नागरिक संबंधित दस्तावेजों के साथ निशुल्क अपना नया आधार कार्ड बनवा सकता है और अपडेट करवा सकता है। एडीसी ने परिवार पहचान पत्र बनाने वाले कर्मचारियों को निर्देश दिए हैं कि कोई भी नागरिक आधार कार्ड बनवाने या अपडेट करवाने आता है तो उसका नियमानुसार कार्य किया जाए। आधार कार्ड से संबंधित कार्य के पैसे चार्ज नहीं किए जाएं।

## अनाज मंडियों में 77 हजार 618 एमटी अनाज खरीदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

डीसी प्रीति ने बताया कि जिला में विभिन्न एजेंसियों द्वारा गत दिवस तक कुल 77 हजार 618 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद गई है। जिला में गेहूं की कुल आवक में से 42 हजार 305 मीट्रिक टन गेहूं खाद्य एंव आपूर्ति विभाग द्वारा, 28 हजार 173 हैफेड द्वारा, तथा 7 हजार 140 मीट्रिक टन गेहूं हरियाणा वेयरहाउसिंग कोपोरेशन द्वारा खरीदा गया है। उन्होंने बताया कि अगोंध मंडी में 1763 मीट्रिक टन, अरनोली में मंडी में 1593 मीट्रिक टन, बाबा लदाना में 1716 मीट्रिक टन, बलबेहड़ा मंडी में 820 मीट्रिक टन, बाउपुर मंडी में 281 मीट्रिक टन, भागल में 2160, भूसला मंडी में 1630 मीट्रिक टन, चीका मंडी में 24 हजार 543 मीट्रिक टन, फर्शमाजरा में 443, गोहरां में 655, हाबड़ी मंडी में 1012 मीट्रिक टन, कैलरम में 60 मीट्रिक टन, कैथल पुरानी मंडी में 1767 मीट्रिक टन, कैथल नई अनाज मंडी में 10 हजार 888 मीट्रिक टन, कैथल अतिरिक्त नई अनाज मंडी में 10 हजार 600 मीट्रिक टन, कलायत अनाज मंडी में 2275 मीट्रिक टन, कमेहड़ी अनाज मंडी में 234 मीट्रिक टन, कांगथली में 1291 मीट्रिक टन, क्योड़क में 373 मीट्रिक टन, पाई 2684, पूंडरी में 2754 मीट्रिक टन खरीदा।

---

विभिन्न स्कूलों के 65 शिक्षकों ने भाग लिया

## एक दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



**कैथल।** कैपेसिटी बिल्डिंग कार्यक्रम के दौरान एमडीएन ग्लोबल स्कूल का स्टाफ।

सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, पंचकूला के तत्वावधान में एमडीएन ग्लोबल स्कूल, कैथल में एक दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यशाला का विषय हैप्पी क्लासरूम रहा जिसमें विभिन्न स्कूलों के लगभग 65 शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षण कार्य को अधिक प्रभावशाली, सकारात्मक और आनंदमय बनाना था। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और मां सरस्वती की वंदना के साथ हुआ। मंचासीन अतिथियों में डॉ. विनोद कुमार निदेशक, गौरव गर्ग प्रबंधक, निधि कंसल चेयरपर्सन, प्राचार्य डॉ. संत कौशिक तथा कार्यक्रम की प्रशिक्षक एवं विषय विशेषज्ञ सपना सिंह एवं डॉ. शिवाली शर्मा उपस्थित रहे। रिसोर्स पर्सन्स का पारंपरिक स्वागत तिलक और पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। कार्यशाला में एमडीएन ग्लोबल स्कूल कैथल, रेनबो मॉन्टेसरी स्कूल, ग्लोबल इंटरनेशनल स्कूल, अमर पब्लिक स्कूल तथा गवर्नमेंट मॉडल संस्कृत स्कूल के शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

---

भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक

## पीएम मोदी आज हरियाणा को देंगे बड़ी सौगात, हिसार-यमुनानगर में कार्यक्रम

कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर रूपरेखा मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला चीका


**गुहला चीका।** अपने कार्यालय में कार्यकर्ताओं से मीटिंग करते राजेश शर्मा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर हरियाणा को कई बड़ी सौगातें देने जा रहे हैं। यह जानकारी भाजपा नेता राजेश शर्मा पिंटू ने अपने कार्यालय चीका में दी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी यमुनानगर और हिसार में आयोजित कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक में राजेश शर्मा उर्फ पिंटू ने कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर रूपरेखा अपने कार्यालय चीका में बनाई । राजेश शर्मा ने कहा पीएम मोदी के हरियाणा आगमन को लेकर कार्यकतार्ओं और आम लोगों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।राजेश शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री हिसार एयरपोर्ट का उद्घाटन करेंगे और भिवानी में मेडिकल कॉलेज की शुरूआत करेंगे। इसके साथ ही यमुनानगर में थर्मल प्लांट की आधारशिला भी रखी जाएगी। इन कार्यक्रमों में प्रधानमंत्री के साथ हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल और भाजपा के वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे। इस दौरान एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष सालिन्द्र वाल्मीकि, प्रदीप सिंह, देवराज जगा, मुकेश शर्मा, वरिसभान और मनोज मित्तल समेत कई नेता उपस्थित रहे।

---


**कैथल।** बैसाखी पर्व पर मिठाइयां बांटते पंजाबी वेलफेयर सभा के पदाधिकारी।

### पंजाबी वेलफेयर सभा ने बैसाखी पर्व पर बांटी मिठाइयां

**कैथल।** पंजाबी वेलफेयर सभा ने उनके ही एक अलग से कार्यकलाप में जो के सक्रांति सेवा मंडल की तरफ से आज बेशाखी और सक्रांति के शुभ अवसर पर आज राहगीरो को मीठे में लड्डू बाटे गए। सक्रांति सेवा मंडल हर महीने की सक्रांति पर मीठे में चावल, हलवा जरूर बांटते हैं। उसी कड़ी में आज के शुभ अवसर पर लड्डु बाटे। इसमें प्रधान सुभाष कथूरिया व महासचिव महेश धमीजा , राकेश मल्होत्रा व इंद्र जीत सरदाना ने बेशखी की शहर वासिया को लख लख बधाई दी और इस पर्व के बारे में बताया बैसाखी के दिन ही गुरु गोविंद सिंह ने खालसा पंथ की स्थापना की थी, जिसमें उन्होंने सिखों को एक ऐसी शक्ति प्रदान की जो अन्याय के खिलाफ संघर्ष करने और धर्म की रक्षा करने के लिए तैयार थी बैसाखी सिख समुदाय के लिए नए साल का प्रतीक है। मुख्या सयोजक नरेंद्र निझवान, राज कुमार मुखीजा, धन सचदेवा, जगदीश कटारिया, व कमल आहुजा ने कहा कि पंजाब में बैसाखी रबी फसल की कटाई का भी प्रतीक है, और किसान इस दिन अच्छी फसल के लिए भगवान का धन्यवाद करते हैं।

---

## ऑनलाइन टीचर डायरी बच्चों से शिक्षकों को दूर रखने की सरकारी साजिशः रामफल

- हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ 16 अप्रैल को प्रदेश के सभी डीईओ कार्यालयों पर करेगा प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



- रामफल दयौरा

हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ संबद्ध सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा एवं स्कूल टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के राज्य महासचिव रामपाल शर्मा,जिला प्रधान रामफल दयोहरा, जिला सचिव अमर नाथ किठानिया, कैशियर शीशपाल शर्मा, वरिष्ठ उपप्रधान विद्यावती, उपप्रधान बलराज सिंह संधू,सहसचिव शमशेर कालिया, संगठन सचिव सुरेश द्रविड़,प्रैस सचिव राकेश कुमार, ऑडिटर करमचंद केसर व कार्यालय सचिव गुरमीत सिंह ने संयुक्त प्रैस विज्ञप्ति जारी करते बताया कि शिक्षा विभाग हरियाणा द्वारा 8 अप्रैल को जारी पत्र के माध्यम से प्रदेश के सभी शिक्षकों को ऑनलाइन अध्यापक डायरी लिखने का फरमान सुनाया है, जो शिक्षकों को विद्यार्थियों से दूर करने की एक सरकारी साजिश है और संगठन इस तरह के तुगलकी फरमान का कड़े शब्दों में विरोध करता है। इस फरमान के विरोध में और प्राथमिक अध्यापकों से शुरू करते हुए प्रदेश के सभी शिक्षकों के अतिशीघ्र सामान्य तबादलों की मांग को लेकर हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ द्वारा प्रदेश के सभी डीईओ कार्यालयों पर 16 अप्रैल को जोरदार प्रदर्शन किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि आज तक के सभी शिक्षा आयोग, शिक्षा नीतियाँ, विद्वान, शिक्षा मनोविज्ञान, शिक्षा समाजशास्त्र व शिक्षण शास्त्र यह कहते आए हैं कि जब तक शिक्षक को बच्चों, अभिभावकों, स्थानीय समुदाय तथा वहाँ की आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक परिस्थितियों की गहन समझ नहीं होगी, तब तक शिक्षा की बाधाओं को पहचाना नहीं जा सकता। जब तक बाधाओं को पहचाना नहीं जाएगा, तब तक उन्हें दूर भी नहीं किया जा सकेगा।

---


**पूंडरी।** बातचीत करते वरिष्ठ भाजपा नेता बलविंद्र मैहला।

### हवाई अड्डे के प्रारंभ होने से प्रदेश के विकास में नए अध्याय की शुरूआत होगी : बलविंद्र मैहला

**पूंडरी।** भाजपा किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष डा. बलविंद्र मैहला संगरौली ने कहा कि प्रदेश की जनता को सोमवार को महाराजा अग्रसेन के नाम पर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के रूप में नई सौगात मिलेगी। इस हवाई अड्डे के शुरू होने से प्रदेश के विकास में नए अध्याय की शुरूआत होगी। बाबा साहब डा. भीमराव आम्बेडकर की जयंती पर सोमवार को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हिसार में हवाई अड्डे का उद्घाटन करेंगे। उन्होंने कहा कि हरियाणा कृषि प्रधान प्रदेश है और अब तक प्रदेश का विकास मुख्यत* कृषि आमदनी पर ही आधारित रहा है। अब हिसार में अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के संचालन से हरियाणा में नई औद्योगिक क्रांति का सूत्रपात होगा। हिसार के साथ-साथ 200 किलोमीटर की परिधि में आने वाले सभी क्षेत्रों को इसका फायदा मिलेगा। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के प्रति प्रदेशवासियों में दिख रहे जबरदस्त उत्साह से अंदाजा लगाया जा सकता है कि भीड़ के हिसाब से यह ऐतिहासिक आयोजन साबित होगा।

---

धूप निकलने से मिली राहत

## दिनभर सूर्यदेव के साथ बादलों की आंख मिचौली जारी रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जिले में पिछले तीन से मौसम में हुए बदलाव के बाद रविवार को चौथे दिन धूप खिली। इस दौरान दिनभर सूर्यदेव के साथ बादलों की आंख मिचौली जारी रही। बता दें कि पिछले दो दिन से लगातार हुई बारिश के बाद मंडियों में आए गेहूं की फसल भीगने से नुकसान हुआ है। परंतु अब मौसम में हुए बदलाव के बाद लोगों को राहत मिली है। हालांकि अब तक हुई बारिश से मौसम विभाग अनुसार खेतों में खड़ी फसल को कोई नुकसान नहीं है, लेकिन अब गेहूं की फसल की कटाई का कार्य जरूर प्रभावित होगा। मौसम विभाग ने अभी भी आगामी दो दिन तक बारिश होने का अनुमान लगाया है।

सोमवार को भी जिले के कई क्षेत्रों में बारिश हो सकती है। वहीं, मौसम बदलने के बाद अधिकतम व न्यूनतम तापमान में गिरावट भी दर्ज की गई है। रविवार को अधिकतम तापमान 36.6 डिग्री और न्यूनतम तापमान 19.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। कृषि विज्ञान केंद्र के मुख्य मन्वयक डॉ. रमेश चंद्र वर्मा ने बताया कि इस समय बारिश से खेतों में खड़ी गेहूं की फसल को अधिक नुकसान नहीं होगा।

---

**कार्यक्रम** प्रसिद्ध भजन सम्राट शीतल पांडे ने बाबा के भजनों पर समां बांधा

# भगवान हनुमान जन्मोत्सव पर जागरण, मेरा इतना सा काम कर दो खड़ताल लेकर नाचे अंजनी का लाल...

- समिति के प्रधान ने सभी भक्तों को जन्मोत्सव की बधाई दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



**कैथल।** भगवान हनुमान के जन्मोत्सव पर सातवां विशाल जागरण में झूमते श्रद्धालु

श्री मेहंदीपुर बालाजी दर्शन सेवा समिति की ओर से सेक्टर 19 , पार्ट 1 , कम्युनिटी सेंटर में भगवान हनुमान के जन्मोत्सव पर सातवां विशाल जागरण , सुन्दरकाण्ड पाठ व अमृतमय भंडारे का आयोजन किया गया। पंडित राजन शर्मा (जगाधरी वाले) ने सुंदर कांड का पाठ किया और मंच संचालन टोनी निसिंग वाले ने किया। जागरण में प्रसिद्ध भजन सम्राट शीतल पांडे ने बाबा के भजनों पर समां बांधा। उनकी तरफ से गाए गए भजनों से पूरा पंडाल मंत्रमुग्ध हो गया।

शीतल पांडे की ओर से गाए गए भजन मेरा इतना सा काम कर दो हनुमान, राम जी के चरणों में रहते हो तुम, रामजी जो कहते, वो करते हो तुम। रामजी के संग रहते तुम, आठ याम, रामजी से मिलवा दो होगा एहसान। मेरा इतना सा काम कर दो। खड़ताल लेकर नाचे अंजनी का लाल, कोई देखे या न देखे बाबा देख रहा है , मेरी कुटिया के भाग आज खुल गए है , पर श्रद्धालु खूब झूमे। साथ में भजन गायिका भावना सवरांजली ने अपने भजनों से सभी को नाचने पर विवश कर दिया , उन्होंने अपने भजन भजन करो भरी जवानी में और देखो देखो आ गया बजरंग वाला है और बता मेरे यार सुदामा से सभी का मन मोह लिया।

संस्था की तरफ से अमृतमय भंडारे का आयोजन किया गया , जिसमे हजारों भगतो ने प्रसाद ग्रहण किया। समिति के प्रधान संदीप गर्ग ने सभी आए हुए भगतो को श्री हनुमान जी के जन्मोत्सव की बधाई दी और जागरण में पहुंचने पर धन्यवाद दिया। इस अवसर पर मंदीप गर्ग , हैप्पी गर्ग, संजय गर्ग (नमक वाले) , विजय गर्ग (साबुन वाले) , वेद मित्तल , नंद लाल मित्तल , अश्वनी गर्ग , रोहित बंसल, राकेश गुप्ता , रमन मेहता , बालक राम , बाबू राम टीक , अनिल फूलों वाले , राज कुमार वर्मा उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### कबड्डी प्रतियोगिता में दिखाया दम

**जींद** । हनुमान जन्मोत्सव पर सुशील सिंगला की अध्यक्षता में रामराय प्रखंड में नशामुक्त अभियान के तहत बजरंग दल द्वारा कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें मुख्यअतिथि प्रांत उपाध्यक्ष राधेश्याम चिल्लाना, सूर्यानंद सरस्वती महाराज व सहयोगी सदस्यों को विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल की तरफ से यादगार स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए सम्मानित किया गया और विजेता टीम सहित अन्य सभी टीमों को नगद राशि ओर स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

### मालवी गांव में मनाई डॉ. आंबेडकर जयंती

**जुलाना**। मालवी गांव में डा भीमराव जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रदीप शर्मा ने शिरकत की। कार्यक्रम में संविधान निर्माता डा भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को लोगों ने पुष्पार्पित किए। लोगों को संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष प्रदीप शर्मा ने कहा कि बाबा साहब के पास 32 डिग्रियां थी। डॉण्आंबेडकर 64 विषयों में मास्टर थे। उन्हें 9 भाषाओं का ज्ञान था। इसके अलावाए उन्होंने लगभग 21 वर्षों तक दुनिया के सभी धर्मों का तुलनात्मक तरीके से अध्ययन किया। उन्होंने श्लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्सश में सिर्फ 2 साल 3 महीने में 8 साल की पढ़ाई पूरी की।

### आर्य समाज नरवाना में यज्ञ हवन किया

**नरवाना**। आर्य समाज द्वारा साप्ताहिक सत्संग में धर्मपाल एवं यशपाल आर्य ने ईश्वर स्तुति प्रार्थना उपासना और आराधना करने के साथ वैशाखी पर्व और ऋषि दयानंद सरस्वती द्वारा राष्ट्रीय स्वाधीनता आंदोलन में सक्रिय भूमिका का उल्लेख भजन एवं गीतों में किया गया। आर्य समाज के सक्रिय सदस्य जयपाल आर्य ने कहा कि आज युवाओं को चरित्रवानए गुणवानए शीलवानए संवेदनशीलए कृतज्ञए प्रबुद्धए त्यागीए तपस्वी एवं ब्रह्मचारी बजरंग बली हनुमान जैसे पराक्रमी, कुशल नेतृत्व वाले योद्धा और राष्ट्र सेवक जैसे जीवन मूल्यों एवं आदर्शों परंपराओं को धारण करने की आवश्यकता है।

### गुरु नानक दरबार गुरु्वारा की आधारशिला रखी

**जींद** । गुरु गोविंद सिंह ने आज के दिन ही खालसा पंथ की स्थापना कर समाज में धार्मिक, सामाजिक और राजनैतिक क्रांति का उद्घोष कर सबको न्याय, समानता और धर्म के पथ पर चलने की प्रेरणा दी थी। यह बात हरियाणा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने गुरुनानक दरबार गुरुद्वारा श्याम नगर के नए भवन की आधारशिला रखते हुए कहे। उन्होंने यह भी बताया कि आज के दिन ही गुरु गोविंद सिंह ने पांच युवकों को प्यारे बनाया और उन्हें अमृत छकाया और उसके बाद खुद भी उनके हाथों से अमृत छखा। गुरुद्वारे के प्रधान सुभाष चंद्र ढींगरा ने डिप्टी स्पीकर और उनके पुत्र रुद्राक्ष का गुरुद्वारे के नए भवन के निर्माण की आधारशिला रखने के लिए समस्त गुरुद्वारा कमेटी एवं श्याम नगर की तरफ से धन्यवाद किया।

हरियाणा विधानसभा डिप्टी स्पीकर ने किया हिसार पहुंचने का आह्वान

# बाबा साहेब ने देश की अखंडता और समरसता का संदेश दिया : कृष्ण बेदी

- रानी तालाब पर डॉ. आंबेडकर की जयंती के उपलक्ष में कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद

हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि आज का दिन हम सभी के लिए प्रेरणादायक है। भारत रत्न, संविधान निर्माता और दबे व कुचले वर्ग की आवाज बनकर बाबा साहेब ने देश की अखंडता और समरसता का संदेश दिया है। उन्होंने दुनिया के सबसे बेहतरीन संविधान की रचना करके सबको बराबरी का का हक दिलवाया। कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार रविवार को रानी तालाब पर बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष पर उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करने के बाद आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा, जिलाध्यक्ष तेजेंदर ढुल, भारत भूषण टांक, जिला महामंत्री डा. राज सैनी, बबलू गोयल सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने भी बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्प चढ़ाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। उन्होंने कहा कि डा. भीमराव अंबेडकर एक महान व्यक्तित्व थे। हम सभी उन्हें भारतीय संविधान के जनक के रूप में जानते हैं। बाबा साहेब को समानता के प्रतीक के रूप में देखा जाता है। उन्होंने जातिवाद और असमानता के खिलाफ सख्त रूप से विरोध किया और समाज को एकमत और समृद्धि की दिशा में बदलने की बात की। उनका योगदान आज भी सामाजिक न्यायए शिक्षा और मुक्ति की ओर एक प्रेरणा स्रोत बना हुआ है।



जींद । बाबा साहेब को नमन करते हुए मंत्री कृष्ण बेदी।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि बाबा साहेब की जयंती के अवसर पर हिसार में 14 अप्रैल को समरस्ता के सबसे बड़े पुजारी और समाजवाद के प्रतीक महाराजा अग्रसेन जी के नाम पर बने अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल हिसार में प्रदेशवासियों को नया संदेश देने के लिए पहुंचेंगे। जहां लाखों की संख्या में लोग उनका स्वागत करेंगे।

डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि हमारे देश के प्रधानमंत्री ने एक ही दिन मे हरियाणा में दो कार्यक्रम हैं। पीएम हिसार में एयरपोर्ट की सौगात प्रदेशवासियों को देंगे। इस कार्यक्रम में हमें अधिक से अधिक संख्या में पहुंचना है। जिलाध्यक्ष तिजेंद्र ढुल ने सभी कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक लोगों के हिसार रैली में पहुंचने का आह्वान किया।



पूंडरी। डॉ. आंबेडकरी को याद करते पूंडरी के विधायक सतपाल जांबा।

## शिक्षा की प्रेरणा देता है डॉ. आंबेडकर का जीवन: जांबा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। पूंडरी

पूंडरी विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि बाबासाहेब डॉ भीम राव अंबेडकर ने भारतीय संविधान निर्माण में अहम योगदान दिया और वह देश के पहले कानून मंत्री भी बने थे। यह दिन उनके संघर्षों, विचारों और समाज को दिशा देने वाले योगदान को याद करने का दिन है। बाबा साहेब का जीवन हम सभी को समानता, न्याय और शिक्षा के लिए सतत कार्य करने की प्रेरणा देता है। पूंडरी विधयक सतपाल जांबा रविवार को गांव रसीना में अंबेडकर पर आयोजित कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने डॉ अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने हमेशा समानता, न्याय और आत्म-सम्मान के बारे में बात की है। उन्होंने एक ऐसा संविधान तैयार किया जिसमें सभी नागरिकों को बराबरी का अधिकार मिला। भारत के आजाद होने के बाद वे देश के पहले कानून मंत्री बने थे। इसके बाद भी उन्होंने सामाजिक सुधारों को आगे बढ़ाना जारी रखा।

## अधूरा है बाबा साहब का सपना : कुमारी सैलजा

- बाबा साहेब की शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो के संदेश पर अमल करने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज. ▶▶। जींद

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी शैलजा ने कहा कि बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर की दूरदर्शिता, संघर्ष और असाधारण योगदान ने आधुनिक भारत की नींव रखी। डा. भीमराव अंबेडकर एक नाम नही बल्कि वह विचारधारा है। जिन्होंने हमें संविधान, समानताए न्याय और स्वाभिमान का मार्ग दिखाया। हमें आत्मचिंतन भी करना होगा। क्या हम उनके सपनों का भारत बना पाए हैं, क्या हम उस समाज की स्थापना कर पाए हैं। जहां कोई भेदभाव नहीं हो, जहां हर नागरिक को समान अवसर मिले। जब तक देश में असमानता, गरीबी और भेदभाव जैसी चुनौतियां मौजूद हैं तब तक बाबासाहेब का सपना अधूरा है।



जींद । कार्यक्रम के दौरान मंच पर मौजूद कुमारी शैलजा।

सांसद कुमारी शैलजा रविवार को डा. भीमराव अंबेडकर समाज कल्याण सभा द्वारा भारत रत्न डा. भीमराव अंबेडकर के 135वें जन्मोत्सव के अवसर पर गांव अशरफगढ़ में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रही थी। कुमारी शैलजा ने कहा कि बाबा साहेब ने छुआछूत और जातिगत भेदभाव की अमानवीय दीवारों को शिक्षा और आत्मबल से तोड़ डाला। उनका शैक्षणिक जीवन, उनके विचार, उनकी दृष्टि सब कुछ हमें सिखाता है कि अगर इरादे नेक हों और उद्देश्य स्पष्ट हो तो कोई भी बाधा रास्ता नहीं रोक सकती। कुमारी शैलजा ने कहा कि जब देश स्वतंत्र हुआ तो हमें एक ऐसे संविधान की आवश्यकता थी। जो सबको समान अधिकार दे। इस ऐतिहासिक जिम्मेदारी को बाबासाहेब ने बखूबी निभाया। उन्होंने कहा था शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो। कुमारी शैलजा ने कहा कि अगर ऊपर उठना है और समाज की मुख्यधारा में शामिल होना है तो हर हाल में बच्चों को शिक्षित करना होगा। इस मौके पर पूर्व विधायक शमशेर सिंह गोगी, पूर्व विधायक राजरानी पूनम, पूर्व विधायक परमिंद्र सिंह ढुल, अग्रवाल समाज के प्रधान डा. राजकुमार गोयल, माजरा खाप के प्रधान गुरविंद्र संधू, वीरेंद्र वशिष्ठ, रमेश सैनी मौजूद रहे।

## अनु, दिशा और अंजली की टीम प्रथम

- कन्या महाविद्यालय में लिटरेरी फेस्ट का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶। पूंडरी



चौ. ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय, पूण्डरी में रूबरू साहित्यिक सभा द्वारा लिटरेरी फेस्ट 2025 का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत भाषण, संवाद, पोस्टर, स्लोगन, स्केचिंग, सुलेख, पेंटिंग, प्रश्नोत्तरी व पोस्टर प्रस्तुति का आयोजन किया गया। समारोह की आयोंजिका डा. गीता जायसवाल ने बताया कि इस समारोह में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में निहित अनुभवात्मक व सहभागी शिक्षण का स्चनात्मकता के साथ समायोजन किया जाता है। 12 अप्रैल को समारोह के अंतिम दिन प्राचार्या अमिता ने पुरस्कार वितरण समारोह का शुभारंभ किया। इस फेस्ट में सुनीता, कु. रजनी व कु. अंजु ने विशिष्ट अतिथियों के रूप में शिरकत की। इस समारोह का मुख्य आकर्षण पोस्टर प्रदर्शनी, प्रश्नोत्तरी व एमए प्रतिश इंग्लिश की छात्राओं द्वारा शेक्सपीयर कृत ड्रामा मर्चेंट ऑफ वेनिस के प्रसिद्ध ट्रायल सीन का मंचन रहा। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में अनु, दिशा व अंजली की टीम प्रथम, अंकिता, गीतिका व मनीषा की टीन द्वितीय व नेहा, लक्ष्मी व पलक की टीम तृतीय स्थान पर रही। संवाद में पलक व सिमस प्रथम व गीतिका और मानसी ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में खिलती व रेणु शर्मा प्रथम, स्वाति व नैंसी द्वितीय स्थान पर रही। पोस्टर में गरिमा, अनु व सलमा; स्लोगन में नैंसी, आइरिस व वन्दनाः स्केचिंग में नैंसी, गुन्जन व साइका, पेंटिंग में साइका व पायल; सुलेख में साइका व नैंसी ने पुरस्कार प्राप्त किए।



पूंडरी। बातचीत करते हुए श्री ब्राह्मण कल्याण समिति प्रधान अश्वनी कौशिक।

## भगवान परशुराम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। पूंडरी

श्री ब्राह्मण कल्याण समिति पूंडरी की एक विशेष बैठक समिति प्रधान अश्वनी कौशिक की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि आगामी 30 अप्रैल को भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव बड़े धूमधाम और श्रद्धा के साथ परशुराम सदन, पूंडरी में मनाया जाएगा। समिति ने समस्त ब्राह्मण समाज से निवेदन किया है कि वे इस पावन अवसर पर अपने पूरे परिवार सहित उपस्थित होकर हवन और भंडारे में भाग लें और इस दिव्य आयोजन को सफल बनाएं। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि नए सदस्यता ग्रहण करने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल निर्धारित की गई है। समिति सभी इच्छुक सदस्यों से अनुरोध करती है कि वे समय पर अपनी सदस्यता सुनिश्चित करें। समिति प्रधान अश्वनी कौशिक ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव कार्यक्रम को ऐतिहासिक और समाज को एकजुट करने वाला बताया। बैठक में महासचिव प्रमोद शर्मा, कोषाध्यक्ष बिशनदत शर्मा, जीतराम शर्मा, जोगिंद्र शर्मा, राजेश शर्मा, संदीप शर्मा, शिवदत्त शर्मा, रमेश शर्मा, नरेंद्र शर्मा, अनिल, राकेश शर्मा, प्रदीप शर्मा, संजय शर्मा और राजीव मौजूद रहे।


## भाविप चीका के पदाधिकारियों ने दायित्व ग्रहण करके शपथ ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶। गुहला-चीका

शनिवार को भारत विकास परिषद शाखा चीका द्वारा पहलवान गार्डन में दायित्व ग्रहण एवं परिवार मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के तौर पर डॉ. मुकेश अग्रवाल महासचिव रेडक्रास सोसायटी हरियाणा ने शिरकत की व अध्यक्षता भारत विकास परिषद उत्तरी हरियाणा के अध्यक्ष कपिल गुप्ता ने की। दायित्व प्रदाता अतुल गोयल महासचिव हरियाणा प्रान्त उत्तर व विशेष अतिथि के रूप में प्रांतीय उपाध्यक्ष अशोक गुप्ता, नरेंद्र राणा घरौंडा, डॉ. राजेन्द्र ठुकराल, कृष्ण कौशिक व हरीश चावला शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन व वंदेमातरम से किया गया। डॉ. निधि बंसल ने मेहमानों का परिचय करवाया गया व सभी को पटका पहना स्वागत किया गया। तत्पश्चात नारी शक्ति द्वारा परिषद के पांच सूत्र संपर्क, सहयोग, संस्कार, सेवा और समर्पण विषय के महत्व से सदस्यों को अवगत करवाया गया। दायित्व प्रदाता से अतुल गोयल द्वारा सभी दायित्व धारियों को शपथ दिलायी गई जिसमें प्रेम सिंह पूनिया को अध्यक्ष, मुरारी लाल गुप्ता को सचिव, रविंद्र गर्ग को कोषाध्यक्ष, गौरव गोयल को संयोजक संपर्क, महेंद्र पाल को संयोजक सेवा, डॉ.निधि बंसल संयोजक संस्कार, राकेश गोयल संयोजक पर्यावरण व डॉ. सरिता भठला को संयोजक महिला सहभागिता प्रमुख की शपथ दिलाई गईं । श्री नरेन्द्र राणा ने परिषद में शामिल हुए 12 नये सदस्यों को शपथ दिलायी। विशेष अतिथि डॉ. मुकेश अग्रवाल ने भारत विकास परिषद की पृष्ठभूमि के बारे में बताया।




गुहला-चीका। शपथ ग्रहण करते हुए भाविप चीका के सदस्य व नव नियुक्त प्रधान प्रेम सिंह पुनिया का बैज लगाते हुए पदाधिकारी।



पूंडरी। गांव रसीना में डॉ भीम राव अम्बेडकर की मूर्ति को नमन करते विधायक सतपाल जांबा।

### रसीना में बाबा साहेब आंबेडकर को याद किया

**पूंडरी** । गांव रसीना में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में पूंडरी के विधायक सतपाल जांबा ने शिरकत की।कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहेब की प्रतिमा की सफाई और माल्यार्पण से हुई। उपस्थित जनसमूह ने डॉ. अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके आदर्शों को स्मरण किया। विधायक सतपाल जांबा ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर ने समाज को समानता, न्याय और शिक्षा की राह दिखाई। उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है और हमें उनके दिखाए मार्ग पर चलकर समाज में समरसता और विकास की भावना को मजबूत करना चाहिए। विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर केवल संविधान निर्माता ही नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय और समानता के प्रतीक थे। उन्होंने हमेशा शोषित, वंचित और पिछड़े वर्गों के अधिकारों की आवाज बुलंद की। बाबा साहेब का जीवन संघर्षों से भरा रहा, लेकिन उन्होंने कभी हार नहीं मानी और देश को एक मजबूत संविधान देकर इतिहास रच दिया। उनका सपना था कि हर व्यक्ति को शिक्षा, सम्मान और बराबरी का अधिकार मिले और हमें उनके विचारों को आत्मसात कर समाज को एक नई दिशा देनी चाहिए। इस अवसर पर ईश्वर सिंह साकरा चेयरमैन ढांड, सुरजीत सिंह ब्लॉक समिति मेंबर, धर्मवीर रसीना, अशोक कुमार, एडवोकेट वेद प्रकाश, मन्नु वालिया डॉ बलविंद्र मैहला संगरौली किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष पूंडरी व निधि मोहन भी मौजूद थे।

## स्कूल बंद करने की बजाय राहत दे सरकार : दलजीत मलिक

हरिभूमि न्यूज. ▶▶। जींद

देव हिंदू मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष दलजीत मलिक ने कहा कि सरकार का काम स्कूल खोलना है न की स्कूलों को बंद करवाना। उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट के आदेशों की आड़ लेकर कुछ अधिकारियों की हठधर्मिता व मनमानी के कारण आज प्रदेश के हजारों स्कूल संचालक परेशान है। उन्होंने कहा कि मजबूरन स्कूल संचालक विद्यार्थियों को दाखिला करने या विद्यार्थियों को पढ़ाने की बजाय अपने स्कूलों को बचाने की जुगत में इधर.उधर भटक रहे हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष दलजीत मलिक ने कहा है कि आज स्कूल बंद होने की कगार पर हैं। उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा कि सभी अस्थाई एवं गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों को बंद करने की बजाय इन स्कूलों को राहत व नियमों में छूट देकर निश्चित मापदंड पूरे करने में सहयोग करेंए जिससे कि इन स्कूलों को एकमुश्त मान्यता प्रदान की जा सके।



- देव हिंदू मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष दलजीत मलिक।

प्रेस के नाम जारी ब्यान में राष्ट्रीय अध्यक्ष दलजीत मलिक कहा कि सरकार के पास ऐसे कई विकल्प हैंए जिन्हें अपना कर इन स्कूलों को बंद होने से बचाया जा सकता है और बहुत से शिक्षकों को बेरोजगार होने से बचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सरकार व प्रशासन स्कूल संचालकों को परेशान करना बंद करे।

**परीक्षा** दूसरे चरण में सफल हुए 432 विद्यार्थी देंगे परीक्षा

# मिशन बुनियाद के तीसरे चरण की परीक्षा और ओरिएंटेशन की तैयारी तेज, 103 केंद्र बनाए

हरिभूमि न्यूज. ▶▶। जींद

मिशन बुनियाद के तीसरे चरण की परीक्षा और ओरिएंटेशन की तैयारी में विद्यार्थी जुटे हुए हैं। जिले में 19 अप्रैल को तीसरे चरण की परीक्षा होगी और ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन नरवाना में होगा। जिसमें दूसरे चरण में सफल हुए 432 विद्यार्थी हिस्सा लेंगे। योजना के तहत इस चरण को पास करने वाले विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की निशुल्क कोचिंग दी जाएगी।

28 जनवरी को लेवल 2 की परीक्षा जिलेभर में पांच केंद्रों पर हुई थी। जिले के 1247 विद्यार्थियों में से 1209 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी और 38 विद्यार्थी गैर हाजिर रहे थे। इसके बाद 20 फरवरी को बुनियाद लेवल.2 का परीक्षा परिणाम जारी हुआ था। इसमें जिले के 432 विद्यार्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण की है।



- जिला विज्ञान विशेषज्ञ रणधीर सिंह लोहान।

### मिशन बुनियाद के तहत प्रतियोगी

जिला विज्ञान विशेषज्ञ रणधीर सिंह लोहान ने बताया कि मिशन बुनियाद सरकारी स्कूल में पढने वाले मेधावी विद्यार्थियों के लिए एक अच्छी योजना है। इसके तहत विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाई जाती है। मिशन बुनियाद के तहत लेवल 3 की परीक्षा और ओरिंटेशन कार्यक्रम 19 अप्रैल को नरवाना में होगा। लेवल 2 में जो विद्यार्थी पास हुए हैं, वह विद्यार्थी लेवल 3 में भाग लेंगे।

जारी हुए परिणाम में 218 लड़कियां और 214 लड़के शामिल हैं। लेवल.3 में विद्यार्थियों से एक विषय आधारित पेपर लिया जाएगा। इसके बाद पूरे प्रदेश से चुने गए तीन हजार विद्यार्थियों को मिशन बुनियाद के अंतर्गत स्थापित 103 केंद्रों पर उनकी शिक्षा शुरू कराई जाएगी। मिशन बुनियाद के तहत विद्यार्थियों को 9वीं और दसवीं कक्षा में दो साल तक एकेडमिक प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाई जाती है। इस समय जिले में मिशन बुनियाद के पांच केंद्र बने हुए हैं। इसमें राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जींद, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जींद, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नरवाना, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जुलाना व मॉडल संस्कृति विद्यालय सफीदों शामिल हैं।

| ब्लॉक | कुल | पास लड़कियां | लड़के |
|---|---|---|---|
| अलेवा | 36 | 21 | 15 |
| जींद | 73 | 37 | 36 |
| जुलाना | 65 | 29 | 36 |
| नरवाना | 102 | 59 | 43 |
| पिल्लूखेड़ा | 35 | 10 | 15 |
| सफीदों | 46 | 19 | 27 |
| उचाना | 85 | 43 | 42 |
| कुल | 432 | 218 | 214 |

### सीवन में चलाया विशेष सफाई अभियान

**सीवन**। बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में नगरपालिका सीवन द्वारा सरकार के निर्देशानुसार विशेष सफाई अभियान चलाया गया। नगरपालिका सचिव दीपक कुमार की देखरेख में यह अभियान सीवन की विभिन्न गलियों और मोहल्लों में जोर-शोर से आयोजित किया गया। इस दौरान नागरिकों को स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूक किया गया और सभी से अपने आसपास सफाई बनाए रखने की अपील की गई। इस अभियान में नगरपालिका के कर्मचारी शपवन लिपिक, राकेश सफाई निरीक्षक शसुमित कुमार लिपिक की अहम भूमिका रही। उन्होंने वार्ड-वार जाकर सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया और कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इसके अलावा सीवन नगरपालिका अध्यक्षा हेमलता सैनी और नगर पार्षद भी इस अभियान में सक्रिय रूप से शामिल रहे।